## यूको

# कामाख्या दर्पण

**गुवाहाटी अंचल की छमाही गृह पत्रिका**

वर्ष : 6 . अंक : 2 . अक्टूबर, 2023 - मार्च, 2024




यूको बैंक UCO BANK

(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust


भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
GOVERNMENT OF INDIA, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
এবং উত্তর-পূর্ব ক্ষেত্রের যৌথ ক্ষেত্রীয় রাজভাষা সম্মেলন


ভারত সরকার, গৃহ মন্ত্রালয়, রাজভাষা বিভাগ
भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
GOVERNMENT OF INDIA, MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
এবং উত্তর-পূর্ব ক্ষেত্রের যৌথ ক্ষেত্রীয় রাজভাষা সম্মেলন




# यूको कामाख्या दर्पण

वर्ष : 6. अंक : 2 . अक्टूबर,2023-मार्च, 2024

**संरक्षक**

**सुनीत कुमार झा**

उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख

**दिग्दर्शन**

**ख्रिली पिन्यू**

सहायक महाप्रबंधक एवं
उप अंचल प्रमुख

**संपादक**

**विशाल कुमार**

वरिष्ठ प्रबंधक -राजभाषा

नोट : पत्रिका में व्यक्त विचार लेखकों के हैं, बैंक के नहीं ।

| विषय-वस्तु | पृष्ठ सं. |
|---|---|
| अंचल प्रमुख का संदेश | 4 |
| संपादकीय | 5 |
| क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार : 2022-23 | 6 |
| व्यावसायिक दृष्टिकोण से गुवाहाटी अंचल | 7-9 |
| सामयिक लेख | 10 |
| कविताइ | 12-13 |
| शाखाओं की समीक्षा बैठक | 15 |
| फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन | 16 |
| सतर्कता जागरूकता सप्ताह | 17 |
| फिसडम के सितारे | 18 |
| संविधान दिवस | 19 |
| नाबार्ड कारीगर मेला | 21 |
| अखिल भारतीय कवि सम्मेलन | 22-23 |
| यूको बैंक जी डी बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला | 24 |
| महापरिनिर्वाण दिवस | 25 |
| एसएचजी क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रम | 26 |
| नराकास (बैंक), गुवाहाटी की दूसरी छमाही बैठक | 27 |
| दिसंबर, 2023 तिमाही की हिंदी कार्यशाला | 28 |
| पौधरोपण कार्यक्रम | 29 |
| रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर | 30 |
| 82वां स्थापना दिवस समारोह | 31-32 |
| विश्व हिंदी दिवस-कविता पॉडकास्ट प्रतियोगिता | 33 |
| 75वां गणतंत्र दिवस समारोह | 34 |
| स्वच्छता पखवाड़ा | 35-36 |
| यूको राजभाषा सम्मान 2023 | 37-38 |
| यूको हिंदी कार्यक्रम आर्थिक सहायता | 39 |
| अंचल कार्यालय में पुस्तकालय की स्थापना | 40 |
| जन्मदिन | 41 |
| स्वास्थ्य का ध्यान रखें | 42 |

**प्रकाशन एवं संपर्क**

यूको बैंक, अंचल कार्यालय, मणिराम देवान रोड,
सिलपुखुरी, गुवाहाटी, 781003, मो : 9798487732
ई-मेल : zoguwahati.ol@ucobank.co.in;

# उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख का संदेश



प्रिय सहकर्मीगण, नमस्कार !

नए वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुभकामनाएँ । आशा है कि इस नए वित्तीय वर्ष में हम बेहतर कार्य करेंगे और अपने अंचल को शीर्ष अंचलों की सूची में कायम रखने का प्रयास करेंगे ।

डिजिटलीकरण के इस दौर में हमारा बैंक भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने में पीछे नहीं है। और डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से हमारे ग्राहकों को सुविधा और सुरक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता भी है। हमारे आदरणीय एमडी सर का भी डिजिटल और सूचना प्रौद्योगिकी की ओर विशेष ध्यान है।

हमारे बैंक का मोबाइल बैंकिंग एप्प एक बेहतरीन एप्प है और उपयोगकर्ता के अनुकूल है जिसके माध्यम से हमारे बैंक ग्राहक बिना बैंक शाखा में गए अपनी बैंकिंग जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। यह एप्प वन स्टॉप सोल्यूसन की तरह हैं जहां एक ही स्थान पर सभी प्रकार की बैंकिंग जरूरतें पूरी होती हैं।

शाखाओं से अपील है कि हमारे मोबाइल बैंकिंग एप्प का हमारे ग्राहकों के बीच अधिक से अधिक प्रचार करें और उन्हें यह एप्प प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें । साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि खाता खोलने के साथ-साथ ही आप उनके मोबाइल पर यह एप्प इन्स्टाल करवा दें ताकि वे तुरंत इसका लाभ उठा सके।

हमारा अंचल लगातार राजभाषा में नई उपलब्धि प्राप्त कर रहा है। यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी को लगातार दूसरी बार राजभाषा विभाग, भारत सरकार का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। अंचल को वर्ष 2022-23 के संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन हेतु राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का "क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार - द्वितीय" प्राप्त हुआ है। इस हेतु गुवाहाटी अंचल के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई ।

इसके अतिरिक्त नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), गुवाहाटी द्वारा भी यूको बैंक को वर्ष 2022-23 में राजभाषा कार्यान्वयन में श्रेष्ठ निष्पादन हेतु राजभाषा वार्षिक शील्ड योजना के तहत "द्वितीय" पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पुनः सभी कार्मिकों को बधाई ।

गुवाहाटी अंचल बैंकिंग के साथ-साथ राजभाषा में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

आइए, हम कृत-संकल्पित हों कि डिजिटलीकरण के इस युग में ग्राहक सेवा में गुणात्मक सुधार लाएँ जिससे हमें ग्राहक आधार बढ़ाने में आसानी हो और हर जगह बस यूको यूको की गूंज ही सुनाए दे ।

सुनीत कुमार झा

# संपादकीय



प्रिय पाठकगण ! नमस्ते ।

आपके हाथों में “यूको कामाख्या दर्पण” का नया अंक है। हमारा यह प्रयास रहता है कि प्रत्येक अंक में पाठकों के लिए इसे और बेहतर बनाया जाए । इसी क्रम में आपकी प्रतिक्रिया हमारे लिए अधिक उपयोगी साबित होगी ।

राजभाषा विभाग का उद्देशय है कि बैंक के कामकाज में राजभाषा हिंदी का उतरोत्तर प्रयोग बढ़े, अतः हम हिंदी गृह पत्रिका का प्रकाशन करते हैं। “यूको कामाख्या दर्पण” उसी दिशा में बढ़ाए गए कदम में से एक है जिसके माध्यम से पिछले छह महीने संपन्न गतिविधियों की जानकारी एवं अंचल के अधीन कार्यरत स्टाफ सदस्यों की रचना को समाहित करते हैं। इस प्रकार उनकी रचनात्मक और सृजनात्मक क्षमता को बल मिलता है।

पूर्वोत्तर भारत अपने आप में अनूठा है। यहाँ की प्राकृतिक छटा और सौंदर्य अतुलनीय है। यह वह स्थान है जहां रवि की पहली किरण संपूर्ण देश को आलोकित करती है। ऐसे क्षेत्र से पत्रिका का प्रकाशन हमारे यहाँ के बैंकर साथियों की लेखन क्षमता को निखारता है। मेरा यह मानना है कि लिखने से हम अपने अंदर के तनाव को कम करते है। बैंकिंग जॉब में तनाव होना स्वाभाविक है। अतः यह तनाव कम करने का यह बेहतर विकल्प माना जाता है। आप किसी भी विषय पर कोई एक लेख, कोई कविता कहानी, अपने जीवन की कोई यादगार घटना, कहीं घूमने गए हैं तो उसका अनुभव कुछ भी लिखिए । इसके दो फायदे हैं; आप इसे यादगार के रूप में सँजो कर रख सकते हैं और आप पत्रिका के लिए सामग्री भी उपलब्ध करवा रहे हैं।

माना जाता है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्य करना कठिन होता हैं (विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में) क्योंकि यहां जीवन उतना आसान नहीं जितना मैदानी इलाकों में होता है। यहाँ परिस्थितियाँ प्रतिकूल होती हैं। तथापि यह क्षेत्र कई मामलों में अनुकरणीय और उत्साहजनक है।

पत्रिका में शामिल की गई हमारे दो साथी की दो कविताएं पत्रिका में सौंदर्य वर्धन का कार्य कर रही है। दोनों कविताएं एसडबल्यू-रचित हैं जो हमारे साथी की सृजन-क्षमता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त विगत छह महीने की गतिविधियों की झलकियाँ आपकी यादों को तरो-ताजा कर देंगी।

मुझे पूरा विश्वास है कि यह अंक आपको बहुत पसंद आएगा एवं पत्रिका में लेखों/कविताओं के माध्यम से व्यक्त विचारों से पाठकगण अवश्य लाभान्वित होंगे ।

शुभकामनाओं सहित

विशाल कुमार

# क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार : 2022-23




**भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग** द्वारा **08 मार्च, 2024** को **सिलीगुड़ी** में आयोजित **पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन 2024** में **यूको बैंक**, अंचल कार्यालय गुवाहाटी को वर्ष **2022-23** के लिए संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन हेतु राजभाषा विभाग द्वारा **"क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार - द्वितीय"** प्रदान किया गया ।

आपको विदित हो कि यह पुरस्कार माननीय **गृह राज्य मंत्री श्री निशिथ प्रामाणिक** के कर-कमलों से प्रदान किया गया । **उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री सुनीत कुमार झा** ने शील्ड ग्रहण किया एवं **श्री विशाल कुमार**, **वरिष्ठ प्रबंधक-राजभाषा** ने प्रमाण-पत्र ग्रहण किया ।

ज्ञातव्य हो कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष यह सम्मेलन आयोजित किया जाता है जिसमें राजभाषा के क्षेत्र में श्रेष्ठ निष्पादन करनेवाले केंद्र सरकार के **कार्यालय/बैंकों/उपक्रमों** को पुरस्कृत किया जाता है।

लगातार दूसरी बार यूको बैंक, गुवाहाटी अंचल को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है, इससे पहले वर्ष 2021-22 के लिए भी पुरस्कार प्रदान किया गया था ।

# व्यावसायिक दृष्टिकोण से गुवाहाटी अंचल
# 01 अक्टूबर, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक

## यूको गृह ऋण : शीर्ष 5 शाखाएं (राशि की दृष्टि से)

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | संस्वीकृत ऋण की संख्या | संस्वीकृत राशि (लाख रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रेहाबारी | 0709 | 15 | 1452.18 |
| 2 | सिलपुखुरी | 0533 | 7 | 493.00 |
| 3 | सिलचर | 0080 | 6 | 115.50 |
| 4 | हाउली | 0501 | 5 | 85.00 |
| 5 | दिसपुर | 0572 | 5 | 52.99 |

## यूको कृषि ऋण : शीर्ष 5 शाखाएं

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | जीएल में वृद्धि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बरकंदा | 1681 | 3.48 |
| 2 | सिमलीतोला | 1201 | 3.16 |
| 3 | हातीगाँव | 2648 | 3.12 |
| 4 | दुधनइ | 0625 | 3.07 |
| 5 | हाउली | 0501 | 3.48 |

# व्यावसायिक दृष्टिकोण से गुवाहाटी अंचल
## 01 अक्टूबर, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक

### यूको कार ऋण : शीर्ष 5 शाखाएं (राशि की दृष्टि

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | संस्वीकृत ऋण की संख्या | संस्वीकृत राशि (लाख रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बरपेटा रोड | 2276 | 8 | 57.90 |
| 2 | सिलपुखुरी | 0533 | 6 | 211.90 |
| 3 | डाउनटाउन | 1994 | 6 | 76.30 |
| 4 | बोंदा | 1372 | 5 | 51.60 |
| 5 | बसिस्थ | 3037 | 5 | 44.00 |

### वसूली करनेवाली शीर्ष 5 शाखाएं

## 01 अक्टूबर, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | वसूली (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | मालीगाँव | 0140 | 3.68 |
| 2 | बरपेटा | 1338 | 2.19 |
| 3 | सिलपुखुरी | 0533 | 2.03 |
| 4 | नलबारी | 1108 | 1.96 |
| 5 | डाउनटाउन | 1994 | 1.64 |

# व्यावसायिक दृष्टिकोण से गुवाहाटी अंचल
## 01 अक्टूबर, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक

### एटीएम जारी करनेवाली शीर्ष 5 शाखाएं

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | जारी एटीएम की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | चापर | 0728 | 2031 |
| 2 | गौरीपुर | 0405 | 1803 |
| 3 | तामुलपुर | 0771 | 1430 |
| 4 | दोबोक | 1427 | 1207 |
| 5 | जी सी कॉलेज, सिलचर | 1927 | 814 |

### मोबाइल बैंकिंग पंजीकरण करनेवाली शीर्ष 5 शाखाएं

| क्रम | शाखा का नाम | शाखा क्रमांक | कुल पंजीकृत उपयोगकर्ता | कुल सक्रिय उपयोगकर्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोकराझार | 0495 | 10335 | 704 |
| 2 | हाउली | 0501 | 9724 | 1993 |
| 3 | करीमगंज | 0822 | 7982 | 1214 |
| 4 | धुबरी | 0473 | 7907 | 1857 |
| 5 | जालाघाट | 0677 | 7833 | 414 |

# "भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"



विशाल कुमार
वरिष्ठ प्रबंधक – राजभाषा
अंचल कार्यालय गुवाहाटी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से संबंधित एक गीत हम हमेशा गुनगुनाते हैं – **"दे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल, साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल"** – महात्मा गांधी जो हमेशा सत्य के प्रति समर्पित रहे, जिन्होंने हमेशा भ्रष्टाचार का विरोध किया, उनके आदर्शों को हमें आत्मसात करने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि 'सत्य ही ईश्वर है।' यह भाषण नहीं बल्कि आचरण की वस्तु है। तो फिर क्यों हम इससे भटक जाते हैं, क्यों थोड़े से लालच में फँसकर भ्रष्ट आचरण की ओर उन्मुख हो जाते हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं। शायद हमें इस पर गहन चिंतन करने की आवश्यकता है । क्योंकि यह हमारे राष्ट्र की सुरक्षा का सवाल है, भ्रष्टाचार जैसे दीमक हमारे राष्ट्र की निष्ठा को खोखला कर रहा है।

मनुष्य एक चेतना संपन्न जीव है । वह बिना किसी प्रशिक्षण के भ्रष्ट आचरण और स्वच्छ आचरण को परखने में सक्षम है। वह आचरण के अनुकरणीय और त्याग मार्ग को अलग-अलग पहचान सकता है । किस मार्ग को वह अपनाए तथा किसका त्याग करे इसका निर्णय लेने में वह स्वतंत्र भी होता है।

हमें सर्वप्रथम अपने मन से स्वच्छ होना है। हम अपने अंदर वह विचार आने ही न दें जो हमारे भ्रष्ट आचरण को जागृत करता हो। क्योंकि भ्रष्टाचार की शुरुआत स्वयं से ही होती है। हमें किसी कार्य को आवश्यकता से कम समय में खतम करने की इच्छा होती है और हम उसके लिए कोई वैकल्पिक मार्ग की तलाश में जुट जाते हैं और वह मार्ग भ्रष्टाचार का होता है।

"सर कुछ ले दे के निपटा लेते है, सर कुछ खातिरदारी हो तो कहिए लेकिन मेरा काम पहले कर दीजिए, वगैरह -वगैरह " तरीके हम अपनाने लगते हैं। यहाँ तक कि किसी प्रसिद्ध मंदिर में दर्शन करते वक्त भीड़ से बचने


लेख

के लिए हम वीआईपी पंक्ति की तलाश करते हैं जिसके लिए हमें कुछ राशि भुगतान करके टिकट दिया जाता है।

आज जितने भी तरह से या जितने भी तरीके से भ्रष्टाचार अगर व्याप्त है तो उसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार है और अगर हमें इसका विरोध करना है तो हमें स्वयं के विचारों का विरोध करना होगा । क्योंकि अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो भ्रष्टाचार की आदत बनी रहेगी और हमारा राष्ट्र इसके दलदल में फँसकर रह जाएगा ।

आचरण, स्वच्छ विचार का संचार नियमित रूप से होता रहे । अगर आप सही रहेंगे तो बाहरी ताक़तें भी आपको हिला नहीं पाएँगी ।

भ्रष्टाचार रूपी राक्षस से लड़ने के लिए मानवता को एकजुट होने की आवश्यकता है क्योंकि यह हमारे राष्ट्र के भविष्य के सूर्योदय को नमंद बना रहा है। यह एक ऐसी बीमारी है जो हमें दिनचर्या से निराश कर देती है और हम गलत आचरण की ओर अग्रसर हो जाते हैं।



भ्रष्टाचार निवारण हेतु सबसे महत्वपूर्ण बात जिसे हमें स्वयं में उतारने की जरूरत है :-

- अपने अंतरमन को स्वच्छ रखना – हम अपने अंदर लालच रूपी दैत्य को पनपने ही न दें जिससे हमारे अंदर भ्रष्ट भावनाएँ पैदा न हो और स्वच्छ

**"रहें राष्ट्र के प्रति समर्पित, न होने दें भ्रष्टाचार स्वच्छ, सतर्क जीवन का यही है सदाचार"**

***************

# तुझे कैसे बताऊं मेरी नन्ही जान....!

देखा तुझको दृग रुक गया,
एक पल में सबकुछ छूट गया।
फिर देखी तेरी मुस्कान वहीं पे सब हार गया
तुझे कैसे बताऊं मेरी नन्ही जान कि मैं क्या जीत गया।

तुझे ढूंढ-ढूंढ दिल बना हठी,
मुझे मार गई वो तेरी हंसी,
फिर रहा नहीं मैं अनजान तुझमें ही खोया रहा,
तुझे कैसे बताऊं मेरी नन्ही जान कि मैं क्या जीत गया।

मन में कितनी अभिलाषा थी,
जाने कितनी जिज्ञासा थी,
सबकुछ तुमपे कुर्बान कि तुमको पा ही गया,
तुझे कैसे बताऊं मेरी नन्ही जान कि मैं क्या जीत गया।

तुझे देख खुद को मैं संभालूं,
किस्मत पे नाचूँ या इठलाऊँ,
मेरे दिल की "छोटी" जान फिर मैं बस में ना रहा,
तुझे कैसे बताऊं मेरी नन्ही जान की मैं क्या जीत गया।



सुजीत कुमार
वरिष्ठ प्रबंधक
करीमगंज शाखा (0822)

# कभी एकांत में

अभिजीत पॉल
सहायक प्रबंधक
कालरचर शाखा (2651)



शोर है शोर है
हां चारो ओर शोर है।

ना सुनी होगी इसने
दर्द खामोशीयों की,
न सुनी होगी इसने कभी
आवाज ठहरे पानी की ।

है वजूद इसकी तो
रोशनी उम्मीद, तरक्की से,
इसे क्या पता
कि अंधेरा, सन्नाटा, सुकून में भी जीवन है।

क्या सुना है इसने
आवाज पत्तों से गिरती बूंदों की,
क्या समझा इसने,
कभी बोली पंछियों की ।

दूर से नजर आती बड़ी-बड़ी मीनारें
इसकी शोभा बढ़ती है,
इसको क्या पता लहराती हवाएँ
वादियों में क्या-क्या रंग भरती हैं।

लोग जीवन की तलाश में
दूर-दूर से इससे मिलने आते हैं,
लोगों को क्या पता
जीवन से मिलने की कोशिश इसकी अभी भी जारी है।

## सुरक्षा निर्देशिकाः
## कार्य आधारित नौकरी घोटालों से सावधान !




धोखेबाज लोगों को धोखा देने के लिए ऊंची रणनीति का तेजी से उपयोग कर रहे हैं और इसप्रकार, हाल के दिनों में साइबर अपराध में बढ़ोत्तरी देखी गई है । ऐसा ही एक प्रचलित घोटाला "टास्क आधारित धोखाधड़ी" है, जिसमें आकर्षक अंशकालिक नौकरी के अवसर प्रदान किया जाना शामिल है जो अंततः पीड़ितों के वित्तीय नुकसान और संकट का कारण बनता है।



### कार्यप्रणाली

व्यक्तियों को टेलीग्राम, व्हाट्सएप आदि जैसे त्वरित संदेश प्लेटफॉर्म, ईमेल, सोशल मीडिया नोटिफिकेशन पर अनचाहे संदेश प्राप्त होते हैं जिसमें सरल ऑनलाइन कार्यों (जैसे वीडियो पसंद करना, समीक्षा लिखना आदि) के लिए ईज़ी मनी की पेशकश की जाती है।

कार्यों को पूरा करने पर व्यक्तियों को उनका विश्वास हासिल करने के लिए, आरंभ में छोटी-मोटी राशि का भुगतान किया जाता है। फिर उन्हें अधिक प्रतिलाभ के वादे के साथ उच्च स्तरीय कार्यों की पेशकश की जाती है और "प्रीपेड कार्यों" प्राप्त करने के लिए अग्रिम शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा जाता है।

समय के साथ धोखेबाज़ शुल्क की आवश्यकताओं एवं कार्यों की संख्या बढ़ाते हैं और साथ ही व्यक्तियों को "प्रीपेड कार्य" प्राप्त करने के लिए अधिक धन निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जिससे कथित रूप से अधिक कमाई होगी।

एक बार जब व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में धन निवेश कर देते हैं, तो धोखेबाज अपने वादे पूरे किए बिना अचानक गायब हो जाते हैं, जिससे पीड़ितों को वित्तीय नुकसान और विश्वासघात का सामना करना पड़ता है।



### अनुपालनीय सर्वोत्तम पद्धति

- ✓ ऑनलाइन कार्यों के लिए ईज़ी मनी की पेशकश करने वाले सोशल मीडिया/त्वरित संदेश प्लेटफॉर्म पर अनचाहे संदेशों के बारे में संदेहशील रहें।
- ✗ अवास्तविक प्रतिलाभ का वादा करने वाले आकर्षक नौकरी प्रस्तावों के झांसे में न आएं।
- ✓ अधिक भुगतान वाले कार्य देने का वादा करने वाले को पैसे भेजने से बचें।
- ✓ आधिकारिक वेबसाइटों/ऐपों से मिले नौकरी-प्रस्तावों, निवेश के अवसरों आदि की वैधता सत्यापित करें।
- ✗ कभी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ लॉगिन क्रेडेंशियल/व्यक्तिगत/संवेदनशील/वित्तीय जानकारी साझा न करें, विशेषकर मैसेजिंग ऐपों पर।
- ✗ किसी भी अजनबी के कहने पर अज्ञात फाइल/ऐप डाउनलोड न करें।

**साइबर धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट https://www.cybercrime.gov.in पर करें या सहायता के लिए 1930 पर कॉल करें।**

# शाखाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन

अंचल कार्यालय द्वारा समय-समय पर शाखाओं की समीक्षा की जाती है जिसमें अंचल प्रमुख, उप अंचल प्रमुख तथा अंचल में पदस्थापित अन्य कार्यपालकों द्वारा शाखाओं द्वारा की जा रही कार्याओं की समीक्षा की जाती है।

इसी क्रम में **दिनांक 07.10.2023** को कुछ शाखाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शाखाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके द्वारा किए गए उम्दा कार्य के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया ।











# फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन






## यूको बैंक ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन

गुवाहाटी, 31 अक्टूबर (पू.सं)। भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग और यूको बैंक के प्रधान कार्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार मंगलवार को यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत खानापाड़ा में प्रातः 7 बजे से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसका विषय 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' रखा गया। कार्यक्रम में सुनीत कुमार झा, अंचल प्रबंधक सहित अंचल कार्यालय गुवाहाटी, क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी तथा शहर की शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने प्रतिभागिता की।







वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार एवं हमारे प्रधान कार्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार **दिनांक 31.10.2023** को यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा **फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन** के तहत खानापरा में प्रातः 7.00 बजे से **धीमी दौड़** का आयोजन किया गया, जिसका विषय ***"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" रखा गया***। कार्यक्रम में **श्री सुनीत कुमार झा,** अंचल प्रबन्धक सहित अंचल कार्यालय गुवाहाटी, क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी तथा गुवाहाटी शहर स्थित शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने प्रतिभागिता की।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2023

यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा **दिनांक 31.10.2023** को **सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023** के तहत खानापरा में प्रातः **6.30** बजे से **वाकाथन** का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का पालन **30.10.2023 से 05.11.2023** तक किया गया जिसका विषय ***"भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें*** था। कार्यक्रम में **श्री सुनीत कुमार झा**, अंचल प्रबन्धक सहित अंचल कार्यालय गुवाहाटी, क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी तथा गुवाहाटी शहर स्थित शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने प्रतिभागिता की ।






## यूको बैंक का सतर्कता जागरूकता सप्ताह

▲ पूर्वोदय संवाददाता

गुवाहाटी, 1 नवंबर। यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा 31 अक्टूबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत खानापाड़ा में प्रातः 6.30 बजे से वाकथॉन का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक किया जा रहा है, जिसका विषय 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' है। कार्यक्रम में सुनीत कुमार झा, अंचल प्रबंधक सहित अंचल कार्यालय गुवाहाटी, क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी तथा गुवाहाटी शहर स्थित शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने प्रतिभागिता की।



# फिसडम - हर ब्रांच होगा ब्लू अभियान







"भाषा की सरलता, सहजता और शालीनता अभिव्यक्ति को सार्थकता प्रदान करती है।
हिंदी ने इन पहलुओं को खूबसूरती से समाहित किया है।"

नरेंद्र मोदी, प्रधान मंत्री

# अंचल कार्यालय में संविधान दिवस का अनुपालन

भारत सारकर एवं बैंक द्वारा प्राप्त दिशानिर्देश के अनुसार **यूको बैंक एससी/एसटी एवं ओबीसी एम्प्लोयी काउंसिल पूर्वोत्तर क्षेत्र** द्वारा **यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी** के सहयोग से **दिनांक 26.11.2023** को अंचल कार्यालय के सभागार में संविधान दिवस का पालन किया गया । इस दौरान गुवाहाटी अंचल एवं क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरुआत **दीप प्रज्वलन एवं डॉ. भीम राव अंबेडकर जी को श्रद्धांजलि** अर्पण के साथ हुई । तत्पश्चात सभी ने संविधान की उद्देशिका का (हिंदी एवं अंग्रेजी) में पाठ किया । इस अवसर पर बाबासाहब एवं संविधान सभा के अन्य सदस्यों द्वारा संविधान निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया ।










# सुरक्षा निर्देशिका: प्रतिरूपण और कॉल अग्रेषण घोटाले से सावधान रहें





आजकल, साइबर अपराधी खुद को वैध संगठन/कंपनी का अधिकृत व्यक्ति बताकर झूठे बहाने से उपयोगकर्ता को हमलावर के नंबर पर कॉल अग्रेषित करने के लिए मना लेते हैं।



## कार्य प्रणाली



स्कैमर्स संपर्क शुरू करते हैं और दावा करते हैं कि वह एक डिलीवरी करने वाला व्यक्ति है, जिसे पार्सल प्राप्तकर्ता का पता ढूंढने में दिक्कत आ रही है। इस चाल के माध्यम से वे प्राप्तकर्ता का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं।




स्कैमर प्राप्तकर्ता को एक एक्सटेंशन कोड डायल करने के लिए कहता है जिसके बाद नीचे दिए गए प्रारूप में डिलीवरी व्यक्ति का संपर्क नंबर होता है: ***401*<10 अंकों का मोबाइल नंबर>**



पार्सल की सफल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए कोड (*401*) को कपटतापूर्वक एक शर्त के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिसका अर्थ है कि कोड डायल करने में विफलता के परिणामस्वरूप पार्सल की डिलीवरी नहीं होगी।



जैसे ही कोड डायल किया जाता है, इनकमिंग कॉल, संदेश, पिन, ओटीपी आदि सहित संवेदनशील जानकारी स्कैमर के नंबर पर रीडायरेक्ट हो जाती है, जिससे शिकार व्यक्ति को वित्तीय नुकसान होता है।

## साइबर सुरक्षा सर्वोत्तम पद्धति

- ✗ बिना देखें निर्देशों का अनुसरण न करें या अजनबियों के अत्यावश्यकता अनुरोधों पर तत्काल कार्रवाई न करें।
- ✓ कॉल करने वाले की पहचान हमेशा विश्वसनीय चैनलों जैसे कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, ऐप्स, प्रामाणिक हेल्पलाइन नंबर आदि से सत्यापित करें।
- ✗ अजनबियों के कहने पर कभी भी अपने नंबर से कोड डायल न करें या एसएमएस न भेजें। कोड की कार्यप्रणाली के संबंध में हमेशा अपने सेवा प्रदाता से जांच करें।
- ✓ अपने फोन/सिम नेटवर्क सेवा(ओं) पर कॉल/एसएमएस अग्रेषण सेटिंग्स के संबंध में सतर्क रहें। यदि कॉल/एसएमएस अग्रेषण सुविधाएं गलती से या अनजाने में सक्षम हो जाती हैं, तो इसे निष्क्रिय करने के लिए तुरंत अपने मोबाइल नेटवर्क प्रदाता (जैसे जियो, एयरटेल, आदि) से संपर्क करें।

अपने बैंक खाते की गतिविधियों की नियमित निगरानी करें। यदि कोई अनधिकृत या संदिग्ध लेन-देन नजर आए तो तुरंत अपने बैंक/शाखा को सूचित करें। यूको बैंक की सहायता के लिए ग्राहक सेवा/हेल्पलाइन नंबर 1800 103 0123 डायल करें।

साइबर धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट https://www.cybercrime.gov.in पर करें या सहायता के लिए 1930 पर कॉल करें ।

# नाबार्ड कारीगर मेला गुवाहाटी - 2023

नाबार्ड द्वारा **1-9 दिसंबर, 2023** को गुवाहाटी के गणेश मंदिर इनडोर स्टेडियम, खानापारा में कारीगर मेला का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से आए कारीगरों ने अपने हस्तशिल्प का प्रदर्शन सह बिक्री स्टॉल लगाया । कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में यूको बैंक के उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख **श्री सुनीत कुमार झा** को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था ।







नाबार्ड कारीगर मेले में यूको बैंक के उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख **श्री सुनीत कुमार झा जी** का स्वागत करते हुए नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक **श्री नवीन कुमार ढींगरा** (बाएँ) तथा श्री झा सभा को संबोधित करते हुए (दाएँ)

## सामग्री आमंत्रित है

गुवाहाटी अंचल के अधीन सभी शाखाएं, सभी एलडीएम कार्यालय, सभी आरसेटी कार्यालयों एवं क्षेत्र निरीक्षणालय के सभी स्टाफ सदस्यों से अंचल की छमाही पत्रिका **"यूको कामाख्या दर्पण"** हेतु सामग्री आमंत्रित है ।

सामग्री हिंदी/असमिया/बांग्ला/बोडो भाषा में सामयिक लेख, कविता, कहानी, यात्रा वृतांत, संस्मरण, किसी जगह की जानकारी, किसी व्यक्ति विशेष की जानकारी, ग्राहक सफलता की कहानी, स्टाफ सफलता की कहानी, शाखाओं/कार्यालयों की गतिविधियां, स्टाफ या उनके बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग, भोजन डिश की रैसिपि आदि के रूप में हो सकती है ।

अपनी सामग्री हमें यूनिकोड में टाइप कर zoguwahati.ol@ucobank.co.in पर भेजें ।

# नराकास (बैंक) गुवाहाटी के तत्वावधान में
# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन




भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, गुवाहाटी की अध्यक्षता में संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), गुवाहाटी के तत्वाधान में दिनांक 02 दिसंबर, 2023 (शनिवार) की शाम गणेश मंदिर इनडोर स्टेडियम, खानापारा में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । आयोजन स्थल नाबार्ड कारीगर मेला का मंच था, जहां देश भर से आए कारीगरों के हस्तशिल्प के स्टॉल लगे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नराकास अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक, एलएचओ, गुवाहाटी के महाप्रबंधक नेटवर्क **श्री अमरेश कुमार झा** ने की । इस अवसर पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक **श्री नवीन कुमार ढींगरा** उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक से महाप्रबंधक नेटवर्क **श्री ध्रुव चरण बल** एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के परामर्शदाता **श्री बदरी यादव जी** उपस्थित रहे। समिति के सदस्य बैंकों के कार्यपालकगण तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । कवि सम्मेलन में प्रस्तुति देने के लिए देश के विभिन्न शहरों से आए प्रख्यात कवियों ने अपनी कविताओं से दर्शकों का मनोरंजन किया, जिन्होंने ठहाकों से मैदान गुंजा दिया। फरीदाबाद से आए **श्री मनजीत सिंह**, कानपुर से आए **डॉ. सुरेश अवस्थी**, उदयपुर से **श्री अजातशत्रु**, बड़ौदा से आई **सुश्री श्वेता सिंह** तथा गुवाहाटी से **श्री सौमित्रम** की सामयिक व सामाजिक विषयों पर शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया । कार्यक्रम को सफल बनाने में नराकास (बैंक), गुवाहाटी के सभी राजभाषा अधिकारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

# नराकास (बैंक) गुवाहाटी के तत्वावधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन








इस अवसर पर सभी आमंत्रित कविगण का विभिन्न बैंकों ने अलग-अलग स्वागत सम्मान किया। इसी कड़ी में यूको बैंक के मुख्य प्रबंधक **श्री राजीव शर्मा** जी ने गुवाहाटी के कवि **श्री सौमित्रम जी** का मंच पर पारंपरिक असमिया गामूषा से सम्मान किया। इसके अतिरिक्त इंडियन ओवरसीज बैंक ने बड़ौदा से आई सुश्री श्वेता जी का; पंजाब नैशनल बैंक ने उदयपुर से आए श्री अजातशत्रु जी का; सेंट्रल बैंक ने कानपुर से आए डॉ. सुरेश अवस्थी जी का तथा बैंक ऑफ इंडिया ने फ़रीदाबाद से आए सरदार मंजीत सिंह जी का स्वागत किया।

# यूको बैंक जी डी बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला







अंचल कार्यालय गुवाहाटी में दिनांक **04 दिसंबर, 2023** को **"यूको बैंक जी डी बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला"** का आयोजन किया गया जिसका विषय **"बैंक, ग्राहक और भाषा"** था । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दैनिक पूर्वोदय के मुख्य संपादक **श्री रविशंकर रवि जी** को आमंत्रित किया गया था।




विशिष्ट अतिथि के रूप में **श्री बदरी यादव जी**, परामर्शदाता, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, पूर्वोत्तर क्षेत्र उपस्थित थे ।

**इसके अलावा श्रीमती स्मिति मिसरा,** सहायक महाप्रबंधक-राजभाषा, भारतीय स्टेट बैंक एवं सदस्य-सचिव, नराकास (बैंक), गुवाहाटी; **श्री राजेश चतुर्वेदी,** मुख्य प्रबंधक-राजभाषा, भारतीय स्टेट बैंक एवं सदस्य-सचिव, नराकास शिलांग-2; यूको बैंक के उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख **श्री सुनीत कुमार झा;** नराकास (बैंक), गुवाहाटी के सदस्य बैंकों के राजभाषा अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही । इस अवसर पर अंचल कार्यालय गुवाहाटी के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे ।



यूको बैंक के आंचलिक कार्यालय में जीडी बिरला स्मृति व्याख्यानमाला

गुवाहाटी, 6 दिसंबर (पू.सं.)। यूको बैंक के आंचलिक कार्यालय में गत 4 दिसंबर को जीडी बिरला स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'बैंक, ग्राहक और भाषा' रखा गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप दैनिक पूर्वोदय के संपादक रविशंकर विशिष्ट अतिथि बदरी यादव, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र, श्रीमती स्मिति, सदस्य-सचिव, नराकास (बैंक), गुवाहाटी तथा सुनीत कुमार झा, अंचल प्रमुख उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त नराकास (बैंक) गुवाहाटी के सभी राजभाष अधिकारीगण एवं यूको बैंक के सभ स्टाफ सदस्य भी इस अवसर उपस्थित थे।

# अंचल कार्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस का पालन











# एसएचजी क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रम
# स्वयं सहायता शिविर का आयोजन




यूको बैंक, गुवाहाटी अंचल द्वारा **दिनांक 16.12.2023** को **आईटीए माचकोवा, गुवाहाटी** में **एसएचजी क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रम** का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में **प्रधान कार्यालय कोलकाता** से **श्री मनोज कुमार आनंद,** महाप्रबंधक, कृषि एवं ग्रामीण व्यवसाय विभाग उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त कामरूप मेट्रो की डीपीएम **सुश्री सिवालिका मेधी मैडम**, अंचल प्रमुख, **श्री सुनीत कुमार झा,** उप अंचल प्रमुख **श्री ख्रिली पिन्यू** सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे । कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं से करीब 179 स्वयं सहायता समूह सदस्यों ने भाग लिया और उन्हें संबंधित शाखाओं द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया।



# नराकास (बैंक) गुवाहाटी की दूसरी छमाही बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह










नराकास (बैंक), गुवाहाटी की वर्ष 2023 की दूसरी छमाही बैठक दिनांक **26.12.2023** को आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता **श्री अमरेश कुमार झा,** महाप्रबंधक (नेटवर्क-1) एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय ने की । इसके अतिरिक्त **श्री बदरी यादव**, **परामर्शदाता, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, गुवाहाटी**; **श्री निपन बरदलै**, **प्रभारी, हिंदी शिक्षा योजना**, गुवाहाटी; की गरिमामयी उपस्थिति रही । अन्य सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारीगण भी बैठक में उपस्थित थे ।

बैठक में सदस्य कार्यालयों द्वारा भेजी गई छमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई तथा सदस्य कार्यालयों द्वारा पिछले वर्ष किए गए श्रेष्ठ निष्पादन हेतु पुरस्कृत भी किया गया । इसी क्रम में **यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी** को वर्ष **2022-23** में श्रेष्ठ निष्पादन हेतु राजभाषा शील्ड योजना के तहत **"द्वितीय"** पुरस्कार प्रदान किया गया ।

इसके अलावा सदस्य कार्यालयों द्वारा विगत छह महीने में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया जिसमें अंचल कार्यालय के **श्री वी श्रीराम**, वरिष्ठ प्रबंधक एवं सुश्री **सुनंदा रॉय**, प्रबंधक शामिल हैं।

# दिसंबर, 2023 तिमाही की हिंदी कार्यशाला








अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा **दिनांक 29.12.2023** को प्रातः **09:45** बजे से स्टाफ सदस्यों के लिए अंचल कार्यालय के सभागार में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अंचल कार्यालय एवं शाखाओं से कुल **20** स्टाफ सदस्यों ने प्रतिभागिता की।

**श्री ख्रिली पिन्यू**, सहायक महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रमुख ने अपना स्वागत वक्तव्य रखा, तदुपरान्त **श्री सुनीत कुमार झा,** उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख ने बीज वक्तव्य देते हुए राजभाषा कार्यान्वयन पर प्रतिभागियों को वृहत मार्गदर्शन प्रदान किया। राजभाषा **अधिकारी श्री विशाल कुमार** ने कार्यशाला विधिवत सम्पन्न किया।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से सिंगल साइन ऑन में भरी जाने वाली तिमाही प्रगति रिपोर्ट की बारीकियों से शाखा के स्टाफ सदस्यों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार कार्मिकों को शाखा में की जानेवाली रोजमर्रा के कार्यों को हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। हिंदी में वाउचर बनाने के लिए बताया गया, सभी प्रतिभागियों को हिंदी टाइपिंग का अभ्यास कराया गया एवं मोबाइल में टेक्स्ट टू स्पीच एवं स्पीच टू टेक्स्ट (हिंदी में) के प्रयोग से अवगत कराया गया। राजभाषा अधिनियम, नियम पर भी चर्चा की गई एवं पत्राचार प्रोत्साहन योजना के बारे में बताया गया तथा सभी से इसमें प्रतिभागिता के लिए कहा गया। सम्मिलित प्रतिभागियों से एक प्रतिभागी द्वारा आभार उद्बोधन के साथ कार्यशाला समापन की घोषणा की गई।

# बैंक के 82 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम






यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा सिलपुखुरी शाखा के समन्वय से बैंक के **82वें** स्थापना दिवस के अवसर पर **दिनांक 31.12.2023** को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख **श्री सुनीत कुमार झा** सहित शाखा प्रमुख सिलपुखुरी शाखा एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने पौधरोपण किया।

# बैंक के 82 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शाखाओं द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम



धोपगुरी



चंद्रपुर



भेल्ला

## बैंक के 82 वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन







यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा बैंक के **82वें** स्थापना दिवस के अवसर पर **दिनांक 05.01.2024** को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में अंचल कार्यालय गुवाहाटी के स्टाफ सदस्यों सहित शाखाओं से भी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया । इस अवसर पर रक्तदान करनेवाले स्टाफ को बैंक के तरफ से उपहार भी प्रदान किया गया ।

## बैंक के 82 वें स्थापना दिवस के अवसर पर केयर हेल्थ इनश्योरेंश द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन






# बैंक का 82 वां स्थापना दिवस




82 वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते **श्री अंजन तालुकदार**, निदेशक, यूको बैंक, साथ में हैं दाएं से, **श्री प्रफुल्ल बर्मन**, सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक; यूको बैंक के दो मूल्यवान ग्राहकगण; बाएं से, **श्री राजीव शर्मा**, मुख्य प्रबंधक एवं **श्री ख्रिली पिन्यू** , उप अंचल प्रमुख





दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करते
आदरणीय **श्री अंजन तालुकदार सर** एवं हमारे एक ग्राहक श्री एस भूयन सर

# बैंक का 82 वां स्थापना दिवस







कार्यक्रम में पधारे सेवानिवृत स्टाफ एवं ग्राहकगण को बैंक के तरफ से उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया










हमारे निदेशक महोदय का गेट पर स्वागत करते हुए हमारे ग्राहकगण एवं कार्यक्रम के दौरान अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए ग्राहक एवं सेवानिवृत स्टाफ सदस्य

# विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कविता पॉडकास्ट प्रतियोगिता का आयोजन










**भारत सरकार** के निर्देशानुसार प्रति वर्ष **10 जनवरी** को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है । इसका उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करना होता है ।

इस अवसर पर **अंचल कार्यालय गुवाहाटी एवं गुवाहाटी शहर स्थित शाखा** के सभी स्टाफ सदस्यों के लिए **"कविता पॉडकास्ट"** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उक्त प्रतियोगिता में कुल **10 प्रविष्टियाँ** हमें प्राप्त हुई थी जिसमें से कुल 3 प्रतिभागियों प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के रूप में पुरस्कृत किया गया । दो प्रतिभागी अंचल कार्यालय से एवं 1 प्रतिभागी शाखा से थे जिन्हें पुरस्कृत किया गया ।

# अंचल कार्यालय में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह





75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन करते हुए अंचल प्रमुख एवं इस अवसर पर उपस्थित अंचल कार्यालय गुवाहाटी एवं क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी के स्टाफ सदस्य







# स्वच्छता पखवाड़ा (16 – 31 जनवरी, 2024)
## स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह







स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत करते हुए दिनांक 16.01.2024 को अंचल कार्यालय गुवाहाटी में अंचल प्रमुख की अध्यक्षता में स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया

# स्वच्छता पखवाड़ा (16 – 31 जनवरी, 2024)
## सफाई अभियान



स्वच्छता पखवाड़ा (16 - 31 जनवरी, 2024) के दौरान सफाई अभियान करते हुए अंचल कार्यालय गुवाहाटी एवं क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी के स्टाफ सदस्य

# स्वच्छता पखवाड़ा (16 – 31 जनवरी, 2024)
# स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन




यूको बैंक, अंचल कार्यालय गुवाहाटी द्वारा दिनांक 23.01.2024 को अंचल कार्यालय के सभागार में **स्वच्छता पखवाड़ा (16 – 31 जनवरी, 2024)** के तहत '**स्वच्छता संगोष्ठी**' का आयोजन किया गया जिसका विषय **"स्वच्छता और हम"** था।




संगोष्ठी की अध्यक्षता **श्री ख्रिली पिन्यू,** सहायक महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रमुख तथा **श्री चितरंजन जाली**, क्षेत्र निरीक्षणालय प्रमुख गुवाहाटी ने की । संगोष्ठी के मुख्य वक्ता **श्री मिथिलेष झा**, मुख्य प्रबंधक एवं श्री **राजीव शर्मा** मुख्य प्रबंधक थे। इसके अतिरिक्त गुवाहाटी अंचल तथा क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी के सभी कार्यपालकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# यूको राजभाषा सम्मान 2023 एवं यूको हिंदी कार्यक्रम आर्थिक सहायता



**मंच पर आसीन बाएं से, श्री वेदांत बोरा, अकादमिक रजिस्ट्रार, कॉटन विश्वविद्यालय; डॉ. कुसुमकुंज मालाकार, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, कॉटन विश्वविद्यालय; श्री सुनीत कुमार झा, अंचल प्रमुख, यूको बैंक; डॉ. अरिंदम गर्ग, रजिस्ट्रार, कॉटन विश्वविद्यालय; श्री बदरी यादव, परामर्शदाता, भारत सरकार; डॉ. फुकन चंद्र बसुमतारी, डीन, कॉटन विश्वविद्यालय; श्री रविशंकर रवि, मुख्य संपादक, दैनिक पूर्वोदय; श्री राजेश चतुर्वेदी, मुख्य प्रबंधक-राजभाषा, एसबीआई**

यूको बैंक में राजभाषा कार्यान्वयन को सुचारु रूप प्रदान करने के लिए संकल्प राजभाषा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में दिनांक **06 फरवरी, 2024** को **यूको राजभाषा सम्मान 2023** का आयोजन किया गया । कार्यक्रम गुवाहाटी के **कॉटन विश्वविद्यालय के सुदमर्सन हॉल** में आयोजित किया गया जिसमें **हिंदी स्नाकोत्तर परीक्षा 2023** में शीर्षस्थ स्थान प्राप्त दो छात्राओं **सुश्री शबाना सुल्ताना हक** एवं **सुश्री मधुस्मिता तालुकदार** को **यूको राजभाषा सम्मान 2023** से सम्मानित किया गया । सम्मान स्वरूप उन्हें बैंक के तरफ से **रु. 5000/-** की राशि एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया ।

इसी अवसर पर बैंक की एक और योजना **"यूको हिंदी कार्यक्रम आर्थिक सहायता"** के तहत कॉटन विश्वविद्यालय द्वारा एक **हिंदी संगोष्ठी (करियर काउंसिलिंग)** का आयोजन किया गया जिसका विषय **"रोजगार के रूप में राजभाषा हिंदी"** था। संगोष्ठी के प्रमुख वक्ता **श्री रविशंकर रवि,** मुख्य संपादक, दैनिक पूर्वोदय एवं **श्री राजेश चतुर्वेदी**, मुख्य प्रबंधक-राजभाषा, भारतीय स्टेट बैंक थे। कार्यक्रम हेतु बैंक द्वारा कॉटन विश्वविद्यालय को **रु. 10000/-** की राशि प्रदान की गई।

# यूको राजभाषा सम्मान 2023 एवं यूको हिंदी कार्यक्रम आर्थिक सहायता





छात्राओं को यूको राजभाषा सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। बाएं से सुश्री शबाना सुल्ताना हक को सम्मानित करते हुए डॉ. अरिंदम गर्ग, रजिस्ट्रार, कॉटन विश्वविद्यालय तथा सुश्री मधुस्मिता तालुकदार को सम्मानित करते हुए श्री बदरी यादव, परामर्शदाता, भारत सरकार । साथ में हैं श्री सुनीत कुमार झा, अंचल प्रमुख, यूको बैंक, डॉ. कुसुमकुंज मालाकार, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, कॉटन विश्वविद्यालय एवं अन्य ।




इस अवसर पर यूको बैंक, गुवाहाटी अंचल की छमाही गृह पत्रिका "यूको कामाख्या दर्पण" के अप्रैल-सितंबर,2023 अंक का विमोचन भी किया गया ।

# यूको बैंक के सहयोग से कॉटन विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी संगोष्ठी (करियर काउंसिलिंग) कार्यक्रम







संगोष्ठी के दौरान सभा को संबोधित करते हुए श्री रविशंकर रवि एवं श्री राजेश चतुर्वेदी जी

यूको बैंक में विद्यमान योजना **"यूको हिंदी कार्यक्रम आर्थिक सहायता"** के अंतर्गत **यूको बैंक** के सहयोग से **कॉटन विश्वविद्यालय** द्वारा एक **हिंदी संगोष्ठी (करियर काउंसिलिंग)** कार्यक्रम का आयोजन किया गया । संगोष्ठी के वक्ता **श्री रविशंकर रवि,** मुख्य संपादक, दैनिक पूर्वोदय तथा **श्री राजेश चतुर्वेदी,** मुख्य प्रबंधक-राजभाषा, भारतीय स्टेट बैंक थे।

अपने संबोधन के दौरान श्री रवि ने कहा कि किसी भी भाषा की पढ़ाई करने के साथ-साथ यह भी टटोल लिया जाना चाहिए कि उसमें करियर बनाने की कितनी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हम भले ही इंजीनियर नहीं बन सकते, भाषाविद् तो बन ही सकते हैं और हिंदी में करियर की अपार संभावनाएं हैं। अगर आप सिर्फ डिग्री लेने के लिए हिंदी की पढ़ाई कर रहे हैं, तब तो रोजगार नहीं मिलेगा, आपकी बोली गई हिंदी में वह क्षमता होनी चाहिए जो हर किसी को आकर्षित करे । इसके लिए उच्चारण का स्पष्ट और सही होना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सिर्फ शुद्ध बोलना-लिखना और अनुवाद करना सीख लें तो रोजगार की कोई कमी नहीं है। आजकल तो अनुवाद का काम भी ऑनलाइन होने लगा है। टीवी अथवा फिल्म के डबिंग का पूरा क्षेत्र आप जैसों पर निर्भर है। अगर आपकी आवाज में दम है तो आप न्यूज एंकर, डबिंग का भी काम कर सकते हैं।

**भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) श्री राजेश चतुर्वेदी** ने कहा कि देश कि 140 करोड़ जनता के समक्ष चुनौतियों का भी अंबर लगा है और इसमें कामयाब होने के लिए शॉर्टकट जैसा कोई मार्ग नहीं है। अपनी क्षमता का सम्पूर्ण विकास किए बिना सफलता नहीं मिल सकती। श्री चतुर्वेदी ने विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी से जुड़ी संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि हिंदी में लिखें, हिंदी को जीवित रखें । कामयाबी आप से अधिक दूर नहीं है।

# अंचल कार्यालय में पुस्तकालय का उद्घाटन









दिनांक 14 फरवरी, 2024 वसंत पंचमी के दिन अंचल कार्यालय में एक विधिवत पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। अंचल प्रमुख श्री सुनीत कुमार झा सर फीता काटकर एवं दीप जलाकर उद्घाटन करते हुए। साथ में हैं अंचल कार्यालय एवं क्षेत्र निरीक्षणालय गुवाहाटी के स्टाफ सदस्यगण

# जन्मदिन

















# मधुमेह में लाभकारी है दालचीनी

ब्लड शुगर का बढ़ा रहना संपूर्ण सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। अगर ये लंबे समय तक अनियंत्रित रहे तो इससे तंत्रिका, आंखों लेकर हृदय और पाचन से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं। अगर आप भी डायबिटीज के शिकार हैं, तो इसे कंट्रोल में रखने के लिए उपाय किया जाना जरूरी हो जाता है। आहार और जीवन शैली में कुछ प्रकार के बदलाव इस समस्या में लाभकारी हो सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आहार में सुधार करके शुगर के स्तर को कंट्रोल किया जा सकता है। कुछ प्रकार की औषधियों और जड़ी- बूटियों के माध्यम से इसे कंट्रोल करने में लाभ मिल सकता है।  दालचीनी ऐसी ही एक औषधि है  जिसे डायबिटीज रोगियों के लिए - फायदेमंद माना जाता रहा है। क्या यह वास्तव में शुगर को कंट्रोल करती है? इसके बारे में जानते हैं।

मधुमेह से पीड़ित लोगों में या तो उनका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं कर पाता है या कोशिकाएं - इंसुलिन के प्रति ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करती हैं, जिससे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि दालचीनी का सेवन इंसुलिन के प्रभाव को कम करके डायबिटीज को कंट्रोल करने में आपके लिए मददगार हो सकती है। इंसुलिन संवेदनशीलता को सुधार कर रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में भी इससे लाभ मिल सकता है।

80 लोगों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 12 सप्ताह तक रोजाना 1.5 ग्राम दालचीनी पाउडर लेने से फास्टिंग इंसुलिन के स्तर में उल्लेखनीय कमी आई। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि 2 महीने तक दिन में दो बार 250 मिलीग्राम दालचीनी लेने से हाई शुगर वाले 137 लोगों में इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार हुआ। डायबिटीज की जटिलताओं को कम करने के लिए दालचीनी की चाय, अर्क




और इसके पाउडर के सेवन को लाभकारी पाया गया है। हालांकि स्वास्थ्य, विशेषज्ञ कहते हैं यह सिर्फ घरेलू उपचार हो सकता है, इसके साथ डायबिटीज का विशेषज्ञों से उपचार जरूरी है। डायबिटीज में किसी भी औषधि के सेवन से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

- कैलोरी बर्न करने में इसके लाभ : एक प्रयोगशाला अध्ययन के अनुसार, दालचीनी में सिनामाल्डिहाइड नामक एक आवश्यक तेल पाया जाता है जो आपके फैट सेल्स को लक्षित कर सकता है और उन्हें अधिक मात्रा में कैलोरी बर्न करने में मदद करती है। फैट बढ़ने के कारण ब्लड शुगर की समस्या भी बढ़ने लगती है, दालचीनी का संयमित सेवन करने से इसमें लाभ मिल सकता है।

- ब्लड प्रेशर भी रहता है कंट्रोल कई अध्ययनों से पता चलता है कि तीन महीने तक हर दिन दालचीनी खाने से आपका सिस्टोलिक रक्तचाप 5 अंक तक कम हो सकता है। चूंकि अध्ययन में शामिल लोगों को प्रीडायबिटीज और टाइप-2 डायबिटीज की भी दिक्कत थी। ऐसे में दालचीनी का सेवन करना शुगर और ब्लड प्रेशर दोनों को कंट्रोल करने में लाभकारी है । डायबिटीज रोगियों में ब्लड प्रेशर की दिक्कत होने का जोखिम रहता है।

साभार - दैनिक पूर्वोदय


Azadi Ka Amrit Mahotsav
G20
CSOC
CISO OFFICE
साइबर जागरुकता
दैनिक अंतर्दृष्टि
साइबर सुरक्षित बनें
अज्ञात संदेशों या कॉल का जवाब देने से बचें।
क्लिक करने से पहले सोचें।
किसी अजनबी के कहने पर उपयोगकर्ता द्वारा प्रेरित कार्रवाइयों / कार्यों में शामिल होने से बचें।
अज्ञात ऐप्स या संलग्नक डाउनलोड करने से बचें।
संवेदनशील, व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल की गोपनीयता सेटिंग्स को अति प्रतिबंधित स्तर पर रखें।
जागरूक रहें.. सुरक्षित रहें




# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

जीवन सुरक्षा : 2 लाख रुपये

प्रीमियम की राशि : 436 रुपये प्रति वर्ष

आयु वर्ग : 18 से 50 वर्ष

1800-103-0123 (Toll Free) 8334001234 7666399400 Follow us

**यूको बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

अंचल कार्यालय , गुवाहाटी Zonal Office Guwahati